आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 311 | उज्जैन, मंगलवार 30 सितम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रूपया

## पशु-पक्षी हमारे पर्यावरणीय तंत्र का भी हैं अभिन्न हिस्सा-मुख्यमंत्री

### वन्य जीव संपदा से लगातार समृद्ध हो रहा है मध्यप्रदेश



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पशु-पक्षी केवल चिड़ियाघरों की शोभा नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरणीय तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। इनके प्रति संवेदनशील होना हर नागरिक का कर्त्तव्य है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे पक्षियों और जानवरों के प्रति प्रेम और करुणा का व्यवहार करें। मुख्यमंत्री ने यह संदेश भी दिया कि मानवीय संवेदनशीलता ही प्रकृति और समाज के बीच संतुलन बनाए रख सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार की सुबह इंदौर के प्राणी संग्रहालय पहुंचे। यहाँ उनका पशु-पक्षियों के प्रति लगाव देखने को मिला। उन्होंने वन्य प्राणियों का अवलोकन किया और आकर्षक रंग-बिरंगे पक्षियों को आत्मीयता के साथ दुलार भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वन्य जीव संपदा के दृष्टिकोण से लगातार समृद्ध हो रहा है। श्योपुर जिले के कूनो में चीतों के आने के बाद इंदौर के प्राणी संग्रहालय में शिमोगा के जू से दो जोड़ी बायसन का आगमन हुआ है। प्राणी संग्रहालय में नए मेहमानों के आगमन पर उन्होंने इंदौरवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशु-पक्षियों के साथ जुड़ाव हमें प्रकृति के और करीब लाता है। उनका संरक्षण और संवर्धन समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों को मध्यप्रदेश का वातावरण अनुकूल लग रहा है, जिससे वे अपना वंश बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के प्राणी संग्रहालय में पहले आए ज़ेब्रा की देखरेख उत्कृष्ट स्तर पर हुई, जिससे ज़ेब्रा ने यहां सफलतापूर्वक वंश वृद्धि की। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इंदौर के प्राणी संग्रहालय को और बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय स्थित ÷पक्षी विहार÷ सहित बायसन एवं शतुरमुर्ग के बाड़े, स्नेक एक्वेरियम में किंग कोबरा का अवलोकन कर विभिन्न प्रजातियों की जानकारी भी ली।

इस अवसर पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि टाइगर ब्रीडिंग एवं एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इंदौर के जू को शिमोगा के जू से रुद्र, तुलसी, कल्कि और ताप्ती नाम के 4 जंगली भैंसे बायसन प्राप्त हुए हैं। इसके बदले इंदौर ने शिमोगा जू को एक टाइगर दिया है। बायसन के साथ ही इंदौर को शुतुरमुर्ग के दो जोड़े भी मिले हैं।

## कांग्रेस का दावा- राहुल गांधी को मिली जान से मारने की धमकी; पार्टी ने गृहमंत्री अमित शाह को लिखा पत्र



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक भाजपा प्रवक्ता की विवादास्पद टिप्पणी पर पत्र लिखा और दावा किया है कि एक टेलीविजन बहस के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को निशाना बनाया गया, उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

रविवार को अपने पत्र में वेणुगोपाल ने कहा कि अगर भाजपा पैनलिस्ट के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो इसे राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत और सामान्यीकरण के रूप में आंका जाएगा। वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता और पूर्व एबीवीपी नेता प्रिंटू महादेव ने राहुल गांधी को डरावनी और जघन्य जान से मारने की धमकी दी है।

कांग्रेस नेता ने क्या किया दावा- अमित शाह को लिखे पत्र में वेणुगोपाल ने दावा किया कि प्रिंटू महादेव एबीवीपी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और भाजपा के प्रवक्ता हैं, जिन्होंने एक मलयालम टीवी चैनल पर बहस के दौरान विवादित टिप्पणी की। कांग्रेस नेता ने कहा, हिंसा भड़काने वाली एक बेशर्मी भरी कार्रवाई में महादेव ने खुलेआम घोषणा की कि राहुल गांधी के सीने में गोली मारी जाएगी।

## मुंबई में बारिश से हाहाकार, दिल्ली में उमस भरी गर्मी ने किया परेशान



महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में लगातार बारिश से स्थिति बिगड़ गई है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ समय तक मौसम का यही अंदाज देखने को मिलेगा। जानिए आज आपके शहर में मौसम कैसा रहेगा? राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी से हालत खराब है। लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में इस उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकती है। आईएमडी के ताजा अपटेड के अनुसार, दिल्ली एनसीआर में 30 सितंबर और 1 अक्तूबर को बारिश की संभावना है।

नई दिल्ली (एजेंसी)। सितंबर के महीने के खत्म होने में केवल कुछ दिन ही शेष बचे हैं। आम तौर पर सितंबर के अंत तक बारिश का दौर थमने लगता है और मानसून की वापसी शुरू हो जाती है। लेकिन इस साल ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। देश के कई राज्यों में लगातार बारिश से हालात खराब है।

दरअसल, देश से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। बावजूद इसके

## पाकिस्तान इसी का हकदार..., बुमराह के जेट क्रैश एक्शन पर और क्या बोले किरेन रिजिजू?





नई दिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान की शर्मनाक हार के बाद ऑपरेशन सिंदूर एक बार फिर चर्चा में आ गया है। दुबई के स्टेडियम में बुमराह के एक्शन ने उन्हें स्टार गेंदबाज बना दिया है। पाकिस्तानी खिलाड़ी हारिस रऊफ का विकेट चटकाने के बाद बुमराह ने जेट क्रैश का इशारा किया, जिसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

हारिस रऊफ को मुंहतोड़ जवाब देने के बाद बुमराह पूरे इंटरनेट पर छा गए गए हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी भारतीय टीम को जीत की बधाई देते हुए बुमराह की जमकर तारीफ की है।

किरेन रिजिजू ने शेयर की तस्वीर- किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर करते हुए बुमराह का जिक्र किया। उन्होंने कहा पाकिस्तान को यही सजा मिलनी चाहिए। भारतीय टीम को मुबारकबाद देते हुए बुमराह ने लिखा, पाकिस्तान को हारना ही था और भारत हमेशा चैंपियन रहेगा।

हारिस राऊफ ने किया था इशारा- दरअसल 21 सितंबर को भारत बनाम पाकिस्तान के पहले मैच में हारिस रऊफ बाउंड्री के पास खड़े थे। तभी भारतीय फैंस कोहली-कोहली की नारेबाजी करने लगे। ऐसे में राऊफ ने 6-0 का इशारा किया। उनका यह इशारा पाकिस्तान के झूठे दावे की तरफ था, जिसमें पड़ोसी मुल्क ने भारत के 6 फाइटर प्लेन गिराने की शेखी हांकी थी।

## 4 साल पहले से ही..., सोनम वांगचुक के पाकिस्तान कनेक्शन पर क्या बोलीं पत्नी गीतांजलि?




नई दिल्ली (एजेंसी)। लद्दाख हिंसा भड़कने के बाद पुलिस ने सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया। सोनम को लद्दाख से दूर जोधपुर की जेल में रखा गया है। उनपर हिंसा भड़काने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सोनम पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। इसी बीच उनकी पत्नी गीतांजलि ने सोनम की तरफ से सफाई पेश की है।

गीतांजलि का कहना है कि उनपर लगे सभी आरोप पूरी तरह से गलत और बेबुनियाद हैं। सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को 48 घंटे से ज्यादा हो गए हैं। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग पर अड़े सोनम वांगचुक भूख हड़ताल पर बैठे थे।

सोनम पर आरोप है कि भूख हड़ताल के दौरान उन्होंने भड़काऊ भाषण देकर लोगों को उकसाया और लेह में हिंसा भड़क गई, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हैं।

गीतांजलि ने क्या कहा- सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि के अनुसार, सोनम वांगचुक ने 4 साल पहले जब से लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश से हटाकर राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग शुरू की थी, तभी से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। जांच एजेंसियां कई बार हमारे घर का दरवाजा खटखटा चुकी हैं। अधिकारी बार-बार हमारे दो हलहह्य में आने वाले विदेशी फंडिंग पर सावल खड़ा करते रहे हैं।

## सरकार देशभर में स्थापित करेगी 72,300 ईवी चार्जिंग स्टेशन, दिशानिर्देश जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ देशभर में लगभग 72,300 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन मानदंडों में विभिन्न स्थानों पर ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना के समर्थन के लिए एक सब्सिडी संरचना का पालन करने की सिफारिश की गई है।

## PM मोदी के ट्वीट से बौखला गए पाकिस्तानी मंत्री मोहसिन नकवी और ख्वाजा आसिफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान को एशिया कप में करारी हार का स्वाद चखाने के बाद भारतीय टीम ने प्रतिद्वंद्वी देश की डबल बेइज्जती की है। पहले तो लगातार तीसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान पर जोरदार जीत हासिल की। इसके बाद जब फाइनल में ट्रॉफी पाकिस्तान के होम मिनिस्टर और एशिया क्रिकेट परिषद के चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से लेने की बात आई तो इनकार ही कर दिया। मोहसिन नकवी काफी देर तक इंतजार करते रहे, लेकिन भारतीय टीम निकलकर ही नहीं आई। अंत में जलील होकर मोहसिन नकवी वहां से निकल ही गए।

एशिया कप फाइनल के परिणाम को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट किया और लिखा कि खेल के मैदान में भी ऑपरेशन सिंदूर जारी है और रिजल्ट वही निकला है- भारत की जीत। पीएम मोदी के इस ट्वीट ने पाकिस्तान के जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। उनके इस ट्वीट पर ट्रॉफी लेकर खड़े रहे मोहसिन नकवी ने जवाब दिया है और कहा कि नरेंद्र मोदी ने खेल भावना का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह खेल में जंग को घसीटना ठीक नहीं है। भारतीय पीएम ने खेल भावना को कमजोर करने की कोशिश की है। नकवी ने बौखलाहट में बढ़-चढ़कर यह दावा भी कर दिया कि भारत इतिहास में हर बार पाकिस्तान से हारा है।वहीं एक ही तथ्य काफी कुछ कहता है कि 1971 की जंग में पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों ने भारत के आगे सरेंडर किया था और इसके साक्ष्य आज भी फोटो सहित उपलब्ध हैं। नकवी ने एक्स पर फर्जी दावे करते हुए लिखा, %यदि जंग ही आपके लिए गर्व का विषय है तो इतिहास में कई जीत पाकिस्तान के नाम हैं। कोई क्रिकेट मैच सत्य नहीं बदल सकता। खेल में जंग को घसीटना दिखता है कि आप किस तरह से अधीर हैं। वहीं पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ भी बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने खेल भावना के खिलाफ जाकर ट्वीट किया है। इससे महाद्वीप में शांति और स्थिरता पर असर होगा।

# अब तक 8 देशों में युवाओं ने दिखाई अपनी ताकत, नेपाल के बाद पेरू में Gen Z का ताबड़तोड़ प्रदर्शन




नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल में पिछले दिनों वहां के युवा ने देश की सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन का स्तर इस प्रकार का था कि केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

नेपाल की सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया था, जिसके बाद Gen Z भड़क उठे थे और देशभर में प्रदर्शन करने के बाद सरकारी कार्यालयों तक में तोड़फोड़ की थी। आखिरकार सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा था और फिर सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया है।

पेरू में क्यों शुरू हुआ आंदोलन- इस साल कई देशों में Gen Z का प्रदर्शन देखने को मिला। शुरुआत इंडोनेशिया से हुई थी और अब पेरू में युवाओं ने मोर्चा संभाला है। 27 सितंबर को पेरू की राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज भी किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया। दरअसल, ये विरोध 20 सितंबर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी ने किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है।

इसी साल 31 अगस्त से लेकर 1 सितंबर के बीच इंडोनेशिया में युवाओं ने सांसदों के बढ़े भत्ते के खिलाफ आंदोलन किया था। इस प्रदर्शन में 8 लोगों की मौत हो गई थी। आंदोलन के बाद दबाव में राष्ट्रपति प्रबोवो ने आवास भत्ते का फैसला रोक दिया था।

1 सितंबर को नीदरलैंड में भी युवाओं ने आंदोलन किया था। इजरायल की मदद करने की बात को लेकर युवाओं का गुस्सा फूटा था। प्रदर्शन के बाद सरकार ने नीति बदलने का वादा किया था।

# शहबाज सरकार के खिलाफ पुलिस ने छेड़ा विद्रोह, PoK में आखिर क्यों उतारने पड़े हजारों फौजी?



पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में हालात लगातार बिगड़ते जा रहा हैं। आवामी एक्शन कमेटी के बाद PoK की पुलिस भी पाक सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आई है। PoK के स्थानीय पुलिसकर्मियों में पाकिस्तान की सरकार के प्रति गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है।

पुलिस की हड़ताल के बाद PoK में कानून व्यवस्था उथल-पुथल हो गई है। पुलिसकर्मियों की मांगे पूरी न होने पर आज पूरे PoK में बंद की घोषणा की गई है। क्षेत्र में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पाक सरकार ने भारी संख्या में पुलिसफोर्स तैनात की है।

पाक सरकार ने भेजी फौज- PoK में स्थिति को संभालने के लिए पाकिस्तान सरकार ने 7,000 पुलिसकर्मी और फ्रंटियर फोर्स के जवान PoK में तैनात किए हैं। इन सभी जवानों को राजधानी इस्लामाबाद से PoK में भेजा गया है।

क्यों फूटा पुलिसकर्मियों का गुस्सा- PoK के पुलिसकर्मियों को पाकिस्तानी सरकार से ढेरों शिकायतें हैं। उन्होंने पाक सरकार के सामने 11 मांगें रखीं थीं, जिनमें वेतन बढ़ाने से लेकर जोखिम भत्ता, आवास और सरकारी योजनाओं का लाभ देने जैसी बातें शामिल थीं। हालांकि, पाक सरकार ने उनकी मांगों को खारिज कर दिया है, जिससे पुलिसकर्मियों का गुस्सा भड़क गया और सभी सड़कों पर उतर आए।

आम लोगों ने भी खोला मोर्चा- पुलिस के अलावा आवामी एक्शन कमेटी ने भी पाक सेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हजारों लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगहों पर चक्का जाम कर दिया गया है।

## चीन के पूर्व मंत्री ने करप्शन से कमाए इतने अरब रुपये, अब कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन में सरकार के मंत्रियों के अचानक गायब होने की तमाम खबरें आपने हमेशा सुनी होंगी। अब चीन के पूर्व कृषि और ग्रामीण मामलों के मंत्री तांग रेनजियन को रिश्वत के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है। हालांकि, ये फैसला दो साल बाद लागू होगा। बता दें कि इस पूर्व मंत्री पर कुल 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप था। दरअसल, चांगचुन के मध्यस्थ पीलुल्स कोर्ट ने तांग को आजीवन राजनीतिक अधिकारियों से वंचित करने और उनकी सभी निजी संपत्तियों को भी जब्त करने का आदेश दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि जो पैसे पूर्व मंत्री की इन संपत्तियों से आएगा, उसको राष्ट्रीय राहत कोष में जमा कराया जाएगा। चीन के मंत्री पर लगे हैं ये आरोप- चीन के पूर्व मंत्री पर आरोप है कि उन्होंने साल 2007 से 2024 के बीच अपने पदों का फायदा उठाया। इस दौरान उन्होंने व्यापार, प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्टिंग और नौकरी समायोजन में दूसरों की मदद की। इसके बदले उन्होंने 268 मिलियन युआन की राशि की वस्तुओं गिफ्ट में ली। चीन के पूर्व मंत्री तांग ने अपने अपराध को कोर्ट में स्वीकार किया है।

## 7 घंटे तक तटों पर मंडराता रहा चक्रवाती तूफान बुआलोई, वियतनाम में तबाही से 8 की मौत और 17 लापता




नई दिल्ली (एजेंसी)। चक्रवात रगासा के बाद दक्षिण पूर्वी एशिया में एक और चक्रवात ने दस्तक दे दी है। चक्रवात बुआलोई ने सोमवार को वियतनाम में तबाही मचाई। इस दौरान कई घर मलबे में तब्दील हो गए। तेज आंधी-तूफान में बिजली के खंभे भी नीचे गिर गए।

नेशनल वेदर फोरकास्ट एजेंसी के अनुसार, चक्रवात बुआलोई से 8 व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग लापता हैं। तूफान के कारण तेज बारिश के कारण समुद्र की लहरें पूरे उफान पर हैं। 88-117 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है।

7 घंटे तक तटों पर मंडराया वियतनाम से टकराने के पहले 7 घंटे तक चक्रवात तटों के आसपास मंडराता रहा। ऐसे में समुद्र की लहरें 8 मीटर की ऊंचाई तक उफान मार रही थीं। वियतनाम की हू सिटी में 8 व्यक्ति की बाढ़ में फंसकर मौत हो गई। वहीं, क्वांग त्री प्रांत में समुद्र की लहरें कई मछुआरों समेत 4 नावों को बहा ले गईं।

चक्रवात बुआलोई से टकराने के पहले सरकार ने 28,500 लोगों को रेस्क्यू करके तटीय इलाका खाली करवा दिया था। वहीं, मौसम खराब होने की वजह से कई फ्लाइट्स भी रद कर दी गई और कुछ फ्लाइट देरी से चल रही हैं।

## कौन था मिशिगन चर्च पर अंधाधुंध फायरिंग करने वाला थॉमस सैनफोर्ड? अमेरिकी मरीन पुलिस में था शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में मिशिगन की चर्च पर अचानक हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हैं। गोली चलाने वाले संदिग्ध आरोपी थॉमस जैकोब सैनफोर्ड को पुलिस ने मौत के घाट उतार दिया। पुलिस का मानना है कि थॉमस ने जानबूझकर चर्च पर फायरिंग की थी।

पुलिस के अनुसार, थॉमस चर्च का दरवाजा तोड़ते हुए अंदर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर ओपन फायरिंग शुरू कर दी। सूचना मिलते ही 30 सेकेंड में पुलिस मौके पर पहुंची और 8 मिनट में शूटर को मार गिराया।

मरीन पुलिस में कर चुका है काम- पुलिस ने संदिग्ध हमलावर के बारे में जानकारी जुटाई है। न्यायॉर्क टाइम्स के अनुसार, थॉमस ने पास के ही एक स्कूल से 2004 में पढ़ाई पूरी की थी। 2004-2008 के बीच उसने जेक नाम से मरीन पुलिस में भी सेवा थी।

मरीन पुलिस का कहना है- सैनफोर्ड मैकेनिक का काम करता था। वो वाहन रिकवरी ऑपरेटर था, जिसे सर्जेंट के पद पर प्रमोट किया गया था। मरीन पुलिस में सेवा के दौरान उसे कई मेडल भी मिले। इस लिस्ट में मरीन कॉर्प्स गुड कंडक्ट मेडल, सी सर्विस डिप्लॉयमेंट रिबन, द इराक कैंपेन मेडल, ग्लोबल वॉर ऑन टेररिज्म सर्विस मेडल और नेशनल डिफेंस सर्विस मेडल का नाम शामिल है।

मिशिगन फायरिंग- अमेरिका के मिशिगन स्थित चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स के प्रमुख रसेल एम नेल्सन का निधन हो गया था। इसके अगले दिन नेल्सन को श्रद्धांजलि देने के लिए भारी संख्या में लोग चर्च में इकट्ठा हुए थे। मगर, रविवार की सुबह लगभग 10:30 बजे थॉमस अपनी कार से चर्च का दरवाजा तोड़ते हुए अंदर घुसा और सभी पर अंधाधुंध गोलियां दाग दीं।

# बीबी को शांति चाहिए..., नेतन्याहू से मुलाकात के पहले ट्रंप ने क्यों कहा ऐसा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जल्द ही ट्रंप से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचेंगें। ट्रंप का दावा है कि गाजा युद्ध अपने आखिरी पड़ाव पर है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेता इसे खत्म करने पर बातचीत करेंगें।

मीडिया से बातचीत के दौरान डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि वो नेतन्याहू के साथ डील करेंगें। इसके अलावा ट्रंप हमास और अरब देशों से भी बातचीत करेंगें, जिससे मिडिल ईस्ट में शांति स्थापित हो सके।

ट्रंप ने क्या कहा- एक्सिओस न्यूज से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा, डील करने के लिए सभी लोग एक-साथ आएंगे। अरब देश शानदार तरीके से इसपर बात कर रहे हैं। हमास भी उनके साथ आएगा। हमास के दिल में अरब देशों के लिए बहुत सम्मान है। अरब देश भी शांति चाहते हैं। इजरायल भी शांति चाहता है और बीबी (नेतन्याहू) भी शांति चाहते हैं।÷

ट्रंप के अनुसार, उन्होंने गाजा युद्ध को खत्म करने और मिडिल ईस्ट में शांति स्थापित करने की योजना बना ली है। ट्रंप ने कहा-

अगर हम यह करने में कामयाब होते हैं, तो यह न सिर्फ इजरायल के लिए बल्कि पूरे मिडिल ईस्ट के लिए शानदार होगा। यह क्षेत्र में शांति स्थापित करने का पहला मौका है, लेकिन इसके लिए हमें इसपर काम करना होगा।

यूएन में बोले थे नेतन्याहू- इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित किया था।

# भारत को दुरुस्त करने की जरूरत, अमेरिका के साथ तनाव के बीच ट्रंप के मंत्री का बेतुका बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पिछले महीने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। ट्रंप के इस एकतरफा फैसले के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ गया है। हालांकि, अमेरिका और भारत फिर से एक बार ट्रेड डील पर बात कर रहे हैं।

इस बीच अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी हावर्ड ल्यूटनिक का बड़बोलापन सामने आया है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अमेरिका को भारत और ब्राजील जैसे देशों को दुरुस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि ब्राजील और भारत जैसे देशों को अमेरिका के लिए अपने बाजार को खोलना चाहिए।

अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी हावर्ड ल्यूटनिक ने अमेरिकी न्यूज चैनल न्यूज नेशन को दिए साक्षात्कार में बताया कि भारत, ब्राजील, स्विटजरलैंड और ताइवान जैसे कई देशों को आने वाले समय में दुरुस्त करने की जरुरत है क्योंकि इन सभी देशों के साथ अमेरिका के व्यापारिक मुद्दों का अभी समाधान नहीं हुआ है।

केवल इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि इन देशों को यह समझना होगा कि अगर ये सभी देश अमेरिकी उपभोक्ताओं को कुछ बेचना चाहते हैं, तो उनको भी अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ सहयोग करना होगा। आने वाले समय में सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा।

# करूर का दौरा करेगी NDA की 8 सदस्यीय टीम, हेमा मालिनी को मिली बड़ी जिम्मेदारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के करूर में झ्क्क्य की रैली के दौरान हुई भगदड़ में अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने एक 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है। यह टीम हादसे की वजहों की जांच करेगी और पीड़ित परिवारों से भी मिलेगी।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस समिति का गठन किया है। इस टीम में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, तेजस्वी सूर्या, बृजलाल, अपराजिता सरंगी, रेखा शर्मा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और झ्ष्ठक्क के के. पुट्टा महेश कुमार शामिल हैं। इस समिति की संयोजक भाजपा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी होंगी।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बयान के अनुसार, यह टीम घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का आकलन करेगी और एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन और तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन के साथ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी। सीतारमण ने करूर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भी दौरा किया और घायलों का हालचाल जाना।

स्टालिन का संदेश- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस घटना को बहुत बड़ी त्रासदी बताया। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली उन्होंने तुरंत जिला प्रशासन को सक्रिय कर सभी जरूरी कदम उठाने के आदेश दिए।

## पश्चिम बंगाल के श्यामनगर स्टेशन पर बड़ा हादसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर 24 परगना जिले के श्यामनगर रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात ट्रेन की चपेट में आने से एक बच्चा समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सही समय पर लेवल क्रासिंग गेट न खुलने के कारण एम्बुलेंस अंदर नहीं जा सकी।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार एक महिला अपने बच्चे के साथ रेलवे लाइन पार कर रही थी। उसी समय बच्चा उसकी गोद से तीन नंबर रेलवे ट्रैक पर गिर गया। वह बच्चे को उठाने गई। उसी समय गौड़ एक्सप्रेस तीन नंबर रेलवे ट्रैक पर आ रही थी। यह देखकर स्टेशन पर मौजूद एक फल विक्रेता मां और बच्चे को बचाने गया। गौड़ एक्सप्रेस ने तीनों को टक्कर मार दी। वे ट्रैक से नीचे गिर गए।

स्थानीय लोगों ने लगाए ये आरोप- स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हालांकि तीनों को बचाने और उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया था, लेकिन गेटमैन ने सही समय पर लेवल क्रासिंग गेट नहीं खोला।

समय पर नहीं मिली एम्बुलेंस- नतीजतन, एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंच सकी। तीनों को थोड़ी दूर ले जाया गया। फिर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि उनमें से किसी को भी बचाया नहीं जा सका।

## बीमा कंपनी को मनमानी पड़ी महंगी, मर्सिडीज के मालिक को ब्याज सहित देना होगा 16 लाख



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीमा कंपनियों की मनमानी के तमाम मामले आपने सुने होंगे। इस बीच गुजरात के वडोदरा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक बीमा कंपनी पर ब्याज सहित 16.18 लाख रुपये का भुगतान ग्राहक को करने का निर्देश उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने दिया है।

दरअसल, वडोदरा के वडोदरा उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को पुरोहित को 9त्न ब्याज सहित 16.18 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। बता दें कि कंपनी ने जयप्रकाश पुरोहित नाम के व्यक्ति का बीमा दावा खारिज कर दिया था। इसके बाद जयप्रकाश पुरोहित ने कंज्यूमर फोरम का रुख किया।

टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, जयप्रकाश पुरोहित 2.54 लाख रुपये का प्रीमियम देकर अपनी 95 लाख रुपये की मर्सिडीज का अगस्त 2022 से अगस्त 2024 की अवधि के लिए बीमा कराया था। इसी बीमा अवधि के दौरान मई 203 में उन्होंने अपनी कार एक निजी क्लब की पार्किंग में पार्क की थी।

इसी दौरान बगल की निर्माणाधीन इमारत से कंक्रीट के टुकड़े उस पर गिर गए, जिससे भारी नुकसान हुआ।

## क्या है e-Arrival Card? जिससे विदेशियों की भारत में एंट्री हो जाएगी आसान; 1 अक्टूबर से लागू होंगे नए नियम



नई दिल्ली (एजेंसी)। हर साल लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक भारत का रुख करते हैं। भारत में अनगिनत टूरिस्ट डेस्टिनेशन मौजूद हैं, जिन्हें देखना कई विदेशियों का सपना होता है। हालांकि, उनके लिए भारत आना बिल्कुल आसान नहीं होता। एयरपोर्ट पर उन्हें कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। हालांकि, 1 अक्टूबर से इन नियमों में बदलाव होने जा रहा है।

घूमने, काम, पढ़ाई या बिजनेस के लिए भारत आने वाले विदेशियों को डिजिटल आगमन कार्ड जमा करना होगा, जिसके बाद वो आसानी से भारत में एंट्री कर सकेंगे।

कैसे बनेगा कार्ड- डिजिटल कार्ड हासिल करने के लिए विदेशी नागरिकों अपना पासपोर्ट नंबर, राष्ट्रीयता, भारत आने का कारण, भारत में ठहरने की जगह और मोबाइल नंबर दर्ज करवाना होगा। इसके अलावा कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। भारतीय नागरिक या विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए डिजिटल कार्ड अनिवार्य नहीं होगा।

बता दें कि वर्तमान में जब कोई विदेशी भारत में आते हैं, तो उन्हें एयरपोर्ट पर बने इमीग्रेशन ऑफिस में जाकर आगमन फॉर्म भरना पड़ता है। कई बार इस प्रक्रिया में लंबा समय लगता है। ऐसे में e-Arrival Card से यह प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से पूरी की जा सकती है।

अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय ने तकनीकी की मदद से विदेशियों की भारत में एंट्री आसान बनाने की योजना बनाई है। देश के कई एयरपोर्ट पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम चलाया जाएगा, जिसका इस्तेमाल OCI कार्ड होल्डर्स कर सकेंगे।

## खाना भी मुश्किल से मिल रहा, लद्दाख में कर्फ्यू के बाद बिगड़े हालात; पर्यटन पूरी तरह से ठप




नई दिल्ली (एजेंसी)। लद्दाख का पर्यटन उद्योग इस समय बड़ी मुश्किल में है। लेह में हाल ही में हुए प्रदर्शनों और कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद हालात और बिगड़ गए। पहले से ही अप्रैल में पहलगाम हमले के बाद पर्यटकों की संख्या घट गई थी, लेकिन पिछले हफ्ते हुए प्रदर्शनों के कारण और भी ज्यादा बुकिंग रद हो गई है।

24 सितंबर को लेह शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया। इस वजह से कई सैलानी वहां फंस गए हैं और परेशानियों का सामना कर रहे हैं। 24 सितंबर को लेह एपेक्स बॉडी से जुड़े एक संगठन ने बंद बुलाया था। इस दौरान झड़पें हुईं, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

इंटरनेट सेवा भी बंद- स्थिति को काबू में करने के लिए प्रशासन ने कर्फ्यू के साथ-साथ मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी। इससे व्यापार और पर्यटन दोनों पर गहरा असर पड़ा है। स्थानीय होटल प्रबंधक नसीब सिंह ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से हर दिन अग्रिम बुकिंग कैंसिल हो रही है और सामान की भी कमी हो गई है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने 10 साल के अनुभव में लेह में ऐसा माहौल पहली बार देखा है। स्थानीय ट्रांसपोर्टर रिगजिन डोरजे ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद से ही लद्दाख में पर्यटन ठप पड़ा था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद धीरे-धीरे सैलानी लौटने लगे थे, लेकिन बुधवार की घटना ने एक बार फिर हालात बिगाड़ दिए।

खाना खरीदना भी हुआ मुश्किल- एक होटल मालिक ने बताय कि हर दिन का असमंजस हजारों परिवारों की कमाई छीन रहा है। ताइवान से आई सैलानी शीना ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि लद्दाख घूमने आएंगी, लेकिन यहां पहुंचते ही बाजार बंद मिले और खाना तक खरीदना मुश्किल हो गया।

## 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लखनऊ में बनेगी विश्वस्तरीय टेंट सिटी, संपन्न हुआ भूमिपूजन



नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश युवाओं के लिए वैश्विक मंच बन रहा है। इसी क्रम में लखनऊ में पहली बार भारत स्काउट्स और गाइड्स की डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य आयोजन आगामी 23 से 29 नवम्बर तक होने जा रहा है। वृंदावन योजना स्थित डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस विश्वस्तरीय शिविर का भूमि पूजन सोमवार को मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ हुआ।

भूमिपूजन समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का अवसर बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

23 से 29 नवंबर तक आयोजित होगा जम्बूरी- डॉ. महेंद्र सिंह ने जम्बूरी की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 23 से 29 नवंबर 2025 तक चलने वाला यह आयोजन भारत के 30,000 और विभिन्न देशों के 2,000 स्काउट्स-गाइड्स, साथ ही 3,000 अधिकारियों-स्टाफ को आकर्षित करेगा। यहां कुल 35,000 प्रतिभागी इकट्ठा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन में राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की संभावना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे युवाओं का वैश्विक उत्सव करार देते हुए कहा कि जम्बूरी केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भाईचारे, संस्कृति और नेतृत्व का मंच है। यह आयोजन 1953 में हैदराबाद में पहली राष्ट्रीय जम्बूरी के बाद 18 सफल आयोजनों के बाद उत्तर प्रदेश को 61 वर्षों बाद मिला है, पिछली बार 1964 में प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में हुआ था।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल नवमी

## संपादकीय

# पृथ्वी पर बुद्धि क्षमता में सर्वश्रेष्ठ मानव योनि को माना गया है



पृथ्वी पर बुद्धि क्षमता में सर्वश्रेष्ठ मानव योनि को माना गया है, ऐसा हम पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिक प्रवचनों, बड़े बुजुर्गों से वार्तालाप में हम सुनते आ रहे हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूंकि अगर हम प्रैक्टिकल वे में इसे महसूस करें तो अक्षरतः अक्षर यह पूर्ण सत्य है।

साथियों आदिकाल से हम सुनते आ रहे हैं कि सर्वश्रेष्ठ प्रजाति मानव गर्भ से कुछ सीख़ कर नहीं आता प्राणी जन्म के बाद से ही सभ कुछ सीख़ता है और अलग-अलग रूप में अपनी आजीविका चलाता है।जीवन में गरीबी अमीरी सुख-दुख इत्यादि के चक्र में आता है।

साथियों बात अगर हम मानव के दुनिया में जीवन यापन की करें तो यह 100 फ़ीसदी सत्य बात है कि यदि मानव में उपरोक्त तीनों प्रमुख मंत्र विद्या, ज्ञान और कौशलता या इनमें से कोई भी एक मंत्र निहित है तो वह मानव अपनी आजीविका, जीवन को प्रगति कर सफलताओं को पाने में कभी पीछे नहीं रहेगा।

साथियों बात अगर हम इन उपरोक्त तीन मंत्रों की करें तो दिमाग में सीधा नाम शैक्षणिकता का आता है और शिक्षा प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात मानसिक स्वास्थ्य सर्वोपरि से हम इनकार नहीं कर सकते और तीनों मंत्र प्राप्त करने के लिए हम प्री प्ले नर्सरी स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से विद्या, ज्ञान और कौशलता हासिल करते हैं। मेरा मानना है कि यह तीनों मंत्र हर मानव के लिए एक ब्रह्मास्त्र की शक्ति रखते हैं, क्योंकि इनके बल पर हम किसी भी परिस्थितियों में अपनी आजीविका और जीवन की प्रगति को के पथ पर चलने में ज़रूर सफल होंगे ऐसा हमें विश्वास है।

साथियों बात अगर हम लक या किस्मत की करें तो भारत एक अति आध्यात्मिकता पालक देश है। जहां कुछ अपवादों को छोड़कर, नागरिकों का आध्यात्मिकता में अति विश्वास हैं और हम भाग्य को भी नकार नहीं सकते, यानें गॉड गिफ्टेड ज्ञान को भी नकार नहीं सकते। और कहते हैं ना कि, अगर किस्मत ही ख़राब हो तो क्या करें? परंतु मेरा निजी मानना है कि उपरोक्त तीनों मंत्रों के आगे किस्मत को भी पसीज़ना पड़ता है और मानव की हिम्मत जज़्बा और जांबाज़ी की जीत होती है! हालांकि बड़े बुजुर्गों का कहना है कि भगवान भूखा उठाता है, परंतु किसी को भूखा सुलाता नहीं, यह बात भी हम सच मानते हैं, परंतु यह भी सच्चाई है कि मानव को जीवन में एक सफ़ल जिंदगी जीकर अपनी अगली पीढ़ियों के लिए रास्ता बनाने के लिए विद्या, ज्ञान और कौशल रुपी तीनों मंत्रों को ग्रहण करना आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम इन तीनों मंत्रों की संलग्नता आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए करें तो यह बिल्कुल सटीक, सत्य मंत्र साबित होंगे। क्योंकि यही वह तीनों सशक्त और धारदार अस्त्र हैं जो मानव को प्रगति की ओर आसान रास्ता बनाने में मदद करते हैं। जिसमें उनके साथ उस व्यक्ति का गांव, शहर, जिला, राज्य और देश भी तीव्रता से उन्नति प्राप्त करता है। इन तीनों मंत्रों को हमारी नई शिक्षा प्रणाली 2020 में भी शामिल किया गया है।

साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम की आकांक्षाओं आत्मनिर्भर भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था 2047 का भारत विज़न की करें तो अगर हम भारतीय नागरिकों ने उपरोक्त तीनों मंत्र ग्रहण कर लिए तो वह दिन दूर नहीं होगा जब हम इससे कहीं अधिक बढ़-चढ़कर वैश्विक सफलताओं के झंडे भारत विज़न 2047 के पूर्व ही गाड़ देंगे और हम वैश्विक महाशक्ति उभर कर सामने होंगे। साथियों बात अगर हम कुछ समय पूर्व माननीय पीएम के वर्चुअल संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार,उन्होंने भी कहा कि,हमारे यहाँ कहा जाता है-सत् विद्या यदि का चिन्ता, वराकोदर पूरणे। भावार्थ जिसके पास विद्या है, ज्ञान और कौशल है उसे अपनी आजीविका के लिए, जीवन की प्रगति के लिए चिन्ता नहीं करनी पड़ती। सक्षम व्यक्ति अपनी प्रगति के लिए खुद ही रास्ते बनाता है।

# वी. पी. मेनन



राउ बहादुर वाप्पला पंगुन्नि मेनन भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक प्रतिष्ठित अधिकारी थे। भारतीय सिविल सेवा में एक क्लर्क की तरह अपना कॅरियर आरंभ करने वाले मेनन ब्रिटिश भारतीय गवर्नर-जनरल के वैधानिक सलाहकार के पद[1] तक पहुंचे और जब अंतरिम सरकार विफल रही तो मेनन ने ही भारत के विभाजन की सलाह दी। भारत के विभाजन और फिर रियासतों के एकीकरण में वी. पी. मेनन की अहम् भूमिका रही। सरदार पटेल के सहयोगी के रूप में भी वह याद किए जाते हैं। हैदराबाद, जूनागढ़ या फिर कश्मीर सबकी कहानी में मेनन का नाम जरूर आता है।

## परिचय

वी. पी. मेनन का जन्म 30 सितम्बर, 1893 को केरल के मलाबार क्षेत्र में हुआ था। उनके पिता एक विद्यालय के प्रधानाचार्य थे। बचपन में अपनी पढ़ाई का बोझ घरवालों के ऊपर से उठाने के लिए मेनन घर से भाग गए। पहले रेलवे में कोयलाझोंक, फिर खनिक और बेंगलोर तंबाकू कंपनी में मुंशी का काम करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा में नीचले स्तर से अपनी जीविका शुरू की। अपनी मेहनत के सहारे वी. पी. मेनन ने अंग्रेज सरकार में सबसे उच्च प्रशासनिक सेवक का पद अलंकृत किया। भारत के संविधान के मामले में वी. पी. मेनन पंडित थे। वाइसरायों के अधीन काम करते समय भी वे सुदृढ देशभक्त थे। उनकी पत्नी श्रीमती कनकम्मा थीं। उनके दो पुत्र थे- पंगुन्नि अनंतन मेनन और पंगुन्नि शंकरन मेनन।

सरदार पटेल के कहने पर ही वी. पी. मेनन ने भारत विभाजन, राज्यों के एकीकरण और सत्ता हस्तांतरण पर पुस्तकें लिखी थीं। भारत की आजादी के बाद प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को नेता और मंत्री अच्छी नज़रों से नहीं देखते थे। उनके मन में कहीं न कहीं ये बात बैठी होती थी कि ये अंग्रेजों के लिए काम करते थे। यहाँ तक कि जवाहरलाल नेहरू भी इन नौकरशाहों से दूरी बनाये रखते थे। शायद यही कारण था कि वी. पी. मेनन ने सरदार पटेल की मृत्यु के बाद अवकाश ले लिया था।

## रियासतों के एकीकरण में योगदान

सालों की परतंत्रता के बाद भारत जब आज़ाद होने वाला था, तब सदियों की गुलामी के बाद स्वाधीनता की सुगबुगाहट होने लगी थी। अंग्रेज़ अब देश छोड़कर जाने वाले थे। सदियों की लड़ाई के बाद अब देश की आज़ादी का सपना साकार होने वाला था। लेकिन इस सपने के साकारीकरण के सामने एक बहुत बड़ी समस्या थी, भारत में बसे अलग-अलग 565 छोटे-बड़े रजवाड़ों-रियासतों के एकीकरण की। इन रियासतों के विलय के बिना आज़ाद मुल्क की कल्पना बेमानी थी। आखिर इन रियासतों को भारत में विलय के लिए मनाना इतना आसान भी नहीं था। इतिहास में इस अविस्मरणीय कार्य के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल को याद किया जाता रहा है। लेकिन हकीक़त तो यह है कि अगर भारत के तत्कालीन सलाहकार वी. पी. मेनन नहीं होते, तो शायद अकेले बल्लभ भाई पटेल भी भारत को एक नहीं कर पाते।

ऐसा माना जाता है कि भारत की संवैधानिक आज़ादी के लिए जो आधारभूत फार्मूला इस्तेमाल किया गया, वह मेनन ने ही प्रस्तुत किया था। लेकिन इतना कह देने भर से भारत के एकीकरण में मेनन की भूमिका का पता नहीं चलता। इसके लिए इतिहास को खंगालना होगा। ब्रिटिश शासकों द्वारा भारत को आज़ाद करने की घोषणा के बाद जब सत्ता हस्तांतरण का काम चल रहा था, तब अधिकतर रियासतों की प्राथमिकता भारत और पाकिस्तान से अलग स्वतंत्र राज्य के रूप में रहने की थी। आज़ादी की घोषणा के साथ ही देशी रियासतों के मुखियाओं में स्वतंत्र राज्य के रूप में अपनी सत्ता बरकरार रखने की होड़-सी लगी थी।

भारत के लिए यह वक़्त किसी दुस्वप्न से कम नहीं था। जिस एकीकृत स्वतंत्र भारत की नींव शहीद क्रांतिकारियों ने रखी थी, वो नींव गिरने ही वाली थी। इस वक़्त में जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के लिए कुछ भी फैसला लेना कठीन था। बल्लभ भाई किसी भी कीमत पर देश के विभाजन के पक्ष में नहीं थे, लेकिन परिस्थिति कुछ ऐसी थी कि अगर देश को आज़ाद रहना है, तो विभाजन के उस दौर से गुजरना ही होगा। लेकिन सभी रियासतों को अपने देश में शामिल करने के लिए कोई तरकीब भी नहीं थी। इस वक़्त सबसे ज़्यादा कोई काम आया, तो वो थे वी. पी. मेनन। दरअसल, वी. पी. मेनन भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक प्रतिष्ठित अधिकारी थे। मेनन भले ही ब्रिटिश राज के एक वफादार अधिकारी थे, लेकिन एक सच्चे देशभक्त और भारतीय भी थे। सरदार पटेल के मंत्रिमंडल में सलाहकार बनने के बाद मेनन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी, सभी रियासतों को भारत में विलय के लिए मनाना। सबसे खास बात तो ये है कि अगर भारत के छोटे-छोटे टुकड़े होते, तो शायद देश को घातक परिणाम भुगतने पड़ते। दरअसल, मेनन लॉर्ड माउंट बेटन के काफ़ी करीबी भी थे, जो बाद में सरदार पटेल के भी करीबी बन गये। अगर वह सत्ता के माध्यम से कुछ भी मांगना चाहते तो आसानी से मिल जाता, पर मेनन की ऐसी कोई इच्छा नहीं थी।

इधर देश के सामने भारत में राज्यों के विलय की समस्या बनी हुई थी। अधिकांश राज्य और रजवाड़े भारत के साथ मिलना चाहते थे। लेकिन उस समय यहां के 565 रजवाड़ों में से तीन को छोड़कर सभी ने भारत में विलय का फ़ैसला किया। ये तीन रजवाड़े थे- कश्मीर, जूनागढ़ और हैदराबाद। हैदराबाद की आबादी का अस्सी फ़ीसदी हिन्दू थे, जबकि अल्पसंख्यक होते हुए भी मुसलमान प्रशासन और सेना में महत्वपूर्ण पदों पर बने हुए थे। इन सभी राज्यों को भारत में मिलाए बिना देश का एकीकरण संभव नहीं था। इसके लिए सरदार पटेल और मेनन ने अपनी सूझ-बूझ का बेजोड़ परिचय देते हुए अंततः इन्हें भारत में शामिल कर ही लिया।

वी. पी. मेनन ने राज्यों को भारत में मिलाने के लिए राजनीतिक परिपक्वता का बेहतरीन नमूना पेश किया। यहां तक कि उन्हें एक बार जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। फिर भी उन्होंने भारत सरकार के संदेशों को रजवाड़ों तक पहुंचाने और उन्हें भारत में मिलाने का सिलसिला जारी रखा। जब इस समूचे प्रकरण में मुस्लिम लीग की रणनीति इस पर केंद्रित थी कि अधिक से अधिक रजवाड़े भारत में मिलने से इंकार कर दें, तब सरदार पटेल और वी.पी. मेनन ने एक ताल में काम करते हुए पाकिस्तान के सभी षडयंत्रों को विफल किया। सच बात तो यह है कि अगर सरदार बल्लभ भाई को देश को एक करने के लिए जाना जाता है, तो इसमें कोई दो राय नहीं है कि वी. पी. मेनन की भूमिका इसमें कहीं से कम न थी। अगर वी. पी. मेनन का साथ सरदार पटेल को नहीं मिलता, तो शायद सरदार पटेल देश को एक करने में शायद सफल नहीं हो पाते। इसलिए देश के राजनीतिक एकीकरण में अगर मेनन की भूमिका की बात की जाए तो यह अविस्मरणीय है।

## प्रेरक प्रसंग

सन 1947 में वी. पी. मेनन जो एक हिन्दू थे, जब दिल्ली पहुंचे तो उन्होंने पाया कि जो भी पैसा वह साथ लाये थे, सब चोरी हो चुका है। उन्होंने एक वृद्ध सिक्ख से 15 रुपयों की मदद मांगी। उस सिक्ख ने मेनन को पैसे दिए और जब मेनन ने पैसे लौटाने के लिए उस सिक्ख से उसका पता पूछा तो उसने कहा- ÷नहीं मैं तुमसे पैसे वापस नहीं लूँगा, इस प्रकार जब तक तुम जीवित रहोगे, तब तक तुम हर उस ईमानदार व्यक्ति कि मदद करते रहोगे जो तुमसे मदद मांगेगा।÷ इस घटना के करीब 30 साल बाद और मेनन की मृत्यु के बस छ सप्ताह पहले एक भिखारी मेनन के बंगलोर स्थित आवास पर आया। मेनन ने अपनी बेटी से अपना बटुआ मंगाया और 15 रुपये निकाल कर उस भिखारी को दिए। वह अभी भी उस कर्ज को चुका रहे थे।

# मूडीज ने भारत की रेटिंग को BAA3 पर स्थिर दृष्टिकोण के साथ रखा बरकरार



नई दिल्ली (एजेंसी)। मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत के लिए स्थिर परिदृश्य के साथ दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग को बीएए3 पर बरकरार रखा। स्थानीय-मुद्रा और विदेशी-मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग, किसी देश की समग्र ऋण-पात्रता और दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को बताती है।

वहीं स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग, उधारकर्ता की असुरक्षित ऋण चुकाने की क्षमता को दर्शाती है। यह कर्ज लेने वाले की अपनी मुद्रा में ऐसा ऋण होता है जिसके लिए कोई गारंटी नहीं होती। इसके साथ वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की अन्य अल्पकालिक स्थानीय मुद्रा रेटिंग को भी पी-3 पर कायम रखा। एक बयान में कहा गया, रेटिंग की पुष्टि और स्थिर परिदृष्य हमारे इस विचार को दर्शाते हैं कि भारत की मौजूदा ऋण क्षमताएं बनी रहेंगी। इनमें देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत बाहरी स्थिति और मौजूदा राजकोषीय घाटे के लिए स्थिर घरेलू वित्तपोषण आधार शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया कि ये मजबूती प्रतिकूल बाहरी रुझानों के प्रति लचीलापन प्रदान करती है, खासकर जब उच्च अमेरिकी शुल्क और अन्य अंतरराष्ट्रीय नीतिगत उपाय भारत की विनिर्माण निवेश आकर्षित करने की क्षमता में बाधा डालते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भारत की ऋण क्षमता राजकोषीय पक्ष की दीर्घकालिक कमजोरियों से संतुलित है।

इसके मुताबिक अच्छी जीडीपी वृद्धि और क्रमिक राजकोषीय मजबूती सरकार के उच्च ऋण बोझ में बहुत कम कमी कर पाएगी। निजी उपभोग को बढ़ावा देने के हाल के राजकोषीय उपायों ने सरकार के राजस्व आधार को कम कर दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की दीर्घकालिक स्थानीय-मुद्रा (एलसी) बॉन्ड सीमा ए2 पर अपरिवर्तित बनी हुई है और इसकी दीर्घकालिक विदेशी-मुद्रा (एफसी) बॉन्ड सीमा ए3 पर अपरिवर्तित बनी हुई है। इससे पहले 14 अगस्त को, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की सरकारी साख को बीबीबी- से एक पायदान बढ़ाकर बीबीबी कर दिया था।

## यूपी व महाराष्ट्र में सहारा की ये प्रॉपर्टीज खरीदेगा अदाणी ग्रुप




नई दिल्ली (एजेंसी)। सहारा ग्रुप की कंपनी ने अदाणी प्रॉपर्टीज को अपने समूह की संपत्ति बेचने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मांगी है। दरअसल, सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने महाराष्ट्र में एम्बी वैली और लखनऊ में सहारा शहर समेत विभिन्न संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। इस पर संभवतः 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी। अधिवक्ता गौतम अवस्थी के माध्यम से दायर याचिका में ''सहारा समूह से संबंधित विभिन्न संपत्तियों को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को 6 सितंबर 2025 की 'टर्म शीट' में निर्धारित नियमों एवं शर्तों पर बेचने के लिए'' अनुमति मांगी गई है।

सहारा समूह की ओर से दायर अंतरिम आवेदन में कहा गया कि इस न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित विभिन्न आदेशों के अनुसरण में तथा विभिन्न आदेशों के माध्यम से इस न्यायालय की अनुमति प्राप्त करने के बाद, स्द्बष्ट्ररु और सहारा समूह बड़ी मुश्किल से अपनी कुछ चल एवं अचल संपत्तियों को बेचने में सक्षम हुए हैं। खास बात है कि इन संपत्तियों को बेचने से मिलने वाली राशि को बाजार नियामक सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया गया। इसमें कहा गया कि ''कुल 24,030 करोड़ रुपये की मूल राशि में से, सहारा समूह ने अपनी चल एवं अचल संपत्तियों की बिक्री/परिसमापन के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त की है और उसे सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया है।''

## टाटा ग्रुप की इस कंपनी को मिला GST अपीलेट ट्रिब्यूनल की डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने का ठेका




नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप के टाटा कम्युनिकेशंस ने सोमवार को केंद्र सरकार से एक अहम प्रोजेक्ट पाया है। कंपनी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल की सभी पीठों के लिए एक आधुनिक डिजिटल सिस्टम तैयार करेगी।

इस करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट में इंटरनेट नेटवर्क, क्लाउड सेवाएं, डेटा सुरक्षा और स्मार्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा, जिससे ट्रिब्यूनल का पूरा कामकाज तेज, सुरक्षित और निर्बाध तरीके से चल सके।

जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल क्या करता है- जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल एक विशेष न्यायिक संस्था है, जो जीएसटी से जुड़े विवादों और मामलों का निपटारा करती है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है, जबकि देशभर के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसकी बेंच मौजूद हैं।

डिजिटल सिस्टम से होने वाले फायदे- इससे ट्रिब्यूनल के मामलों का निपटारा अधिक तेज़ी से होगा। पारदर्शिता और दक्षता में बढ़ोतरी होगी। वहीं चैटबॉट्स और प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स जैसे आधुनिक टूल्स का इस्तेमाल होगा। साथ ही डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और सभी बेंच तक डिजिटल पहुंच आसान होगी। इसके साथ टैक्सपेयर्स और अन्य हितधारकों के लिए प्रक्रिया अधिक सहज होगी।

कंपनी का बयान- टाटा कम्युनिकेशंस के वरिष्ठ अधिकारी सुमीत वालिया ने कहा कि त्रस्ङ्क्ष्ठ के लिए यह डिजिटल सिस्टम तैयार करना कंपनी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल टैक्सपेयर्स के काम को सरल बनाएगी, बल्कि डिजिटल इंडिया मिशन को भी मजबूत करेगी और देश के तकनीकी विकास में अहम योगदान देगी।

## Trump Tariff के बीच ये 4 अमीर देश भारत के लिए करेंगे शून्य आयात शुल्क



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में इस समय ट्रंप टैरिफ की बड़ी चर्चा है। इस बीच कुछ ऐसे भी देश सामने आए हैं जहां भारत के सामानों कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा यानी आयात शुल्क शून्य होगा। इसके लिए नई दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्र सरकार एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। जिसमें भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन के बीच हुए व्यापार समझौते को औपचारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा। यह समझौता 1 अक्टूबर से प्रभावी हो जाएगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, श्वस्नञ्ज देशों के वरिष्ठ मंत्री, सरकारी अधिकारी और कई उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

एक अधिकारी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, इस आयोजन का मकसद यह भी है कि उद्योग जगत के हितधारक इस समझौते को अच्छी तरह समझें और इसका पूरा लाभ उठा सकें।

EFTA एक यूरोपीय आर्थिक समूह है, जिसमें आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन शामिल हैं। भारत का यह पहला व्यापार समझौता है, जो किसी यूरोपीय देश या समूह के साथ प्रभावी होने जा रहा है।

भारत EFTA देशों से आने वाले 80-85% उत्पादों पर आयात शुल्क शून्य करेगा।

## 1 अक्टूबर से नेशनल पेंशन सिस्टम में होंगे कई बड़े बदलाव, आप पर होगा सीधा असर




नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल पेंशन सिस्टम में 1 अक्टूबर से कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इन बदलावों का लाभार्थी की जेब पर सीधा असर पड़ने वाला है। इन बदलावों के तहत स्कीम को और सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया गया है। इन बदलावों में विड्रॉल से लेकर निवेश तक सब शामिल हैं। आइए इनके बारे में एक-एक करके बात करते हैं।

एनपीएस में एक ऐसा बदलाव किया गया है, जिसका फायदा सीधा निवेशकों को होने वाला है। ऐसे लाभार्थी जो एनपीएस के तहत स्टॉक मार्केट में निवेश करते हैं, उनके लिए ये अच्छी खबर होने वाली है। इस नए बदलाव के तहत अब निवेशक एनपीएस के जरिए 100 फीसदी पैसा शेयर बाजार में निवेश कर सकते हैं। हालांकि ये रिटर्न का रिस्क बढ़ा देगा।

ये पूरी तरह से निवेशकों पर निर्भर करेगा कि उन्हें 100 फीसदी पैसा मार्केट में लगाना है या नहीं। आपको बता दें कि एनपीएस के तहत ये जरूरी नहीं है कि आप अपना पैसा शेयर बाजार में लगाए।

इसी तरह निवेशकों को एमएसएफ (मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क) के तहत पीआरएएन नंबर दिया जाएगा, जिसमें आप अलग-अलग स्कीम मैनेज कर सकते हैं।

इस बदलाव के तहत एनपीएस के एग्जिट और विड्रॉल नियम में भी बड़ा बदलाव किया गया है। एनपीएस के तहत पैसा लगाने पर लाभार्थी को पैसा सीधा रिटायरमेंट पर ही मिलता था। लेकिन अब ईपीएफ की तरह एनपीएस में भी लाभार्थी कुछ स्थितियों में पैसा पहले ही विड्रॉल कर पाएंगे।

इनमें पढ़ाई, शादी, मेडिकल इमरजेंसी शामिल हैं।- हालांकि विड्रॉल को लेकर टैक्स नियम में कोई बदलाव नहीं होगा। अगर आप 80 फीसदी पैसा एकमुश्त निकालते हैं, तो 60 फीसदी पर टैक्स छूट मिलेगी, वहीं 20 फीसदी हिस्सा इनकम टैक्स स्लैब के अंतर्गत आता है।

एनपीएस में कौन कर सकता है निवेश?- अक्सर लोग इस कन्फ्यूजन में रहते हैं कि एनपीएस के तहत कौन-कौन पैसा निवेश कर सकता है। आपको बता दें कि इस स्कीम में सरकारी कर्मचारी से लेकर प्राइवेट इम्पलॉई तक हर कोई निवेश कर सकता है।

इसके साथ ही पहले एग्जिट तभी कर पाते थे, जब वे रिटायर हो गए हो। लेकिन अब निवेशकों को 15 साल बाद एग्जिट लेने का ऑप्शन दिया जाएगा।

## वोडाफोन ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की नई याचिका; इस बार AGR ब्याज और पेनाल्टी माफी की मांग




नई दिल्ली (एजेंसी)। वोडाफोन ने सुप्रीप कोर्ट में नई याचिका दायर की है। यह तीसरी बार है जब कंपनी ने याचिका दायर की है। इसके पहले त्नक्रमें री-कैलकुलेशन की मांग की थी। अब नई याचिका में AGR ब्याज, पेनाल्टी माफी की मांग की है। वोडाफोन ने दूसरे केस का उदाहरण दिया है।

वोडाफोन आइडिया शेयर में गजब की तेजी- वोडाफोन आइडिया शेयर 29 सितंबर, 2025 को दोपहर 2ञ्40 बजे ?8.28 पर ट्रेड कर रहा है। यह इसके पिछले बंद भाव ?8.02 से 3.24त्न की बढ़ोतरी दिखाता है।

वोडाफोन आइडिया का 52-सप्ताह का हाई प्राइस 10.97 और लो प्राइस 6.12 है। कंपनी का मार्केट कैप 89,708 करोड़ है।

वोडाफोन आइडिया ने लगातार तिमाही शुद्ध घाटा दर्ज किया है, जून 2025 को समाप्त तिमाही में घाटा ?6,608.10 करोड़ था। सुप्रीम कोर्ट ने एजीआर बकाया मामले की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसकी अगली सुनवाई 6 अक्टूबर, 2025 को निर्धारित है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# सतना में लगातार ठगी की वारदातें, महिला को सम्मोहित कर लूट लिए गहने

सतना। कोलगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पार्क होटल के पास रविवार सुबह एक वृद्ध महिला से गहनों की ठगी की वारदात सामने आई है। यह घटना ठीक एक दिन पहले हुई ऐसी ही वारदात की पुनरावृत्ति मानी जा रही है, जिससे जिले में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, घनश्याम विहार कॉलोनी निवासी 63 वर्षीय आशा जैन पति चंपालाल जैन सुबह लगभग 7:30 बजे मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। इसी दौरान पार्क होटल के पास अचानक दो युवक उनके पास पहुंचे और बातचीत करने लगे। बातचीत के दौरान महिला को सम्मोहित कर उन्होंने सोने की चैन, दो अंगूठियां और कान के झुमके उतरवा लिए और मौके से फरार हो गए।घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद




महिला की स्थिति अभी भी असामान्य बताई जा रही है और वे बयान देने की स्थिति में नहीं हैं, जिसके चलते पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। हालांकि, पूरा घटनाक्रम स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि महिला स्वयं अपने गहने उतारकर युवकों को सौंप रही हैं और उसके बाद दोनों आरोपी वहां से निकल जाते हैं।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना के बाद शहर में दहशत का माहौल है। गौरतलब है कि शनिवार को भी एसडीएम बंगले के पास नायब तहसीलदार की पत्नी से इसी तरह की ठगी की घटना हुई थी।

लगातार दो दिनों में महिलाओं को निशाना बनाए जाने से जिले में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। लोग खुलेआम दिनदहाड़े हो रही इन वारदातों से सहमे हुए हैं। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

इन लगातार घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि ठग गिरोह सक्रिय है और खासकर महिलाओं को निशाना बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहा है। अब देखना यह होगा कि पुलिस कितनी जल्दी आरोपियों तक पहुंचकर इस गिरोह पर लगाम लगाती है।

## नाचते-नाचते आई मौत... पति के साथ डांस करते समय युवती को आया हार्ट अटैक



खरगोन। मध्य प्रदेश से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आ रही है। अपने पति के साथ डांस कर रही एक युवती को अचानक हार्ट अटैक आया जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, खरगोन के भीखनगांव स्थित पलासी गांव में यह घटना हुई है। घटना की जानकीर मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बता दें कि युवती का नाम सोनम है जो अपने पति कृष्णपाल के साथ सिंगाजी मंदिर पर स्थापित दुर्गा जी की प्रतिमा के सामने रविवार रात को नाच रही थी तभी अचानक उसे दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गयी। इसी साल एक मई को युवती की शादी हुई थी। सोनम यादव की उम्र 19 साल थी। उसके पिता का नाम विजय यादव था। सोनम की शादी पलासी निवासी कृष्णपाल यादव से 4 माह पहले ही हुई थी।

## शहडोल में रेल ट्राली से टकराई ट्रेन, 25 कर्मचारियों को प्रबंधन ने बिलासपुर किया तलब

शहडोल। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के उपखंड शहडोल से उमरिया के बीच ट्रेन क्रमांक 18478 हरिद्वार से पुरी जाते समय रेल ट्राली से टकरा गई। यह घटना शनिवार की दोपहर 11.55 की है। जानकारी के अनुसार बिरसिंहपुर से मुदरिया के बीच यह घटना हुई है, जिसमें इंजीनियरिंग विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

घटना के कारण लगभग डेढ़ घंटे ट्रेन विलंब से शहडोल रेलवे स्टेशन पर 1.40 पर पहुंची। शाम 4 तक इंजीनियरिंग विभाग अपने वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करता रहा, लेकिन जब बिलासपुर तक यह बात पहुंची तो वहां से जांच शुरू कर दी गई है। बिलासपुर मुख्यालय से 25 कर्मचारियों को बुक ऑफ करके बुलाया गया है, जिनकी जांच होगी और इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।यूपी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी उत्कल एक्सप्रेस रेल अधिकारियों के अनुसार यह गंभीर लापरवाही है, क्योंकि इसी तरह की लापरवाही से 9 अगस्त 2017 को उत्तर प्रदेश में उत्कल एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमें 21 जान गई थी। रेल ट्राली के साथ इंजीनियरिंग विभाग का अमला चलता है। जहां भी ट्रैक पर सुधार का कार्य करना होता है, वहां पहले से फ्लैग लगाया जाता है।

# मंदिर में डकैती की बना रहे थे योजना, पुलिस ने पकड़ा, अब सात साल काटेंगे जेल




भिंड। विशेष न्यायाधीश डकैती क्षेत्र क्रमांक-1 मनोज कुमार तिवारी के न्यायालय ने सोमवार को डकैती की योजना बनाते हुए पकड़े गए पांच आरोपितों को दोषी मानते हुए सात-सात वर्ष का कारावास और 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार घटना 23 मई 2019 की है।

### *पुलिसकर्मियों ने छिपकर आरोपियों की बातचीत सुनी*

रात लगभग 11 बजे थाना रौन के प्रभारी अमर सिंह सिकरवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बहादुरपुरा और बघेली के बीच स्थित एक ट्यूबवेल पर 4-5 व्यक्ति छिपे हुए हैं। वे कालिका माता मंदिर पर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। सूचना की पुष्टि करने थाना प्रभारी फोर्स मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों ने छिपकर आरोपितों की बातचीत सुनी। वे आपस में चर्चा कर रहे थे कि मंदिर में रहने वाले पुजारी के पास काफी माल होगा और उसी रात वहां डकैती डालनी है। घेराबंदी कर पांचों आरोपी गिरफ्तार

बातचीत सुनने के बाद थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ चारों ओर से घेराबंदी कर पांचों आरोपितों को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने सुखपाल सिंह उर्फ सुक्कू से 12 बोर की दुनाली बंदूक, 2 कारतूस, राघवेंद्र सिंह उर्फ कन्हैया से 12 बोर की अधिया, एक कारतूस, अतुल सिंह से 315 बोर का कट्टा, एक कारतूस, शैलेंद्र सिंह से 12 बोर की दुनाली बंदूक, 2 कारतूस, पूरन सिंह से 12 बोर की बंदूक, 2 कारतूस जब्त किए।

### *न्यायालय में 8 गवाह पेश किए*

पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। साथ ही प्रकरण न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में 8 गवाह पेश किए। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल आठ साक्षियों को न्यायालय में परीक्षित कराया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपित सुखपाल सिंह उर्फ सुक्कू, राघवेंद्र सिंह उर्फ कन्हैया, अतुल सिंह, तीनों निवासी ग्राम बहादुरपुरा थाना रौन, शैलेंद्र सिंह और पूरन सिंह निवासी तखत की गढ़िया जिला भिंड को सात-सात साल की सजा सुनाते हुए 25-25 जुर्माना किया है।

## ड्यूटी के दौरान सोने वाले कांस्टेबल को हाई कोर्ट से झटका, कहा- पुलिस वर्दी में नशा करना गंभीर अनुशासनहीनता



ग्वालियर। ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में सोते हुए मिले आरक्षक की सेवा बहाल करने संबंधी याचिका को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि नशे की हालत में ड्यूटी करना कानून-व्यवस्था के लिए खतरा है। कोर्ट ने ड्यूटी के दौरान इंटरनेट मीडिया की लत को भी गंभीर चिंता माना है। साथ ही इसके लिए निगरानी तंत्र विकसित करने को कहा है।

**आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था-** पुलिस विभाग में आरक्षक पदस्थ रहे याचिकाकर्ता अशोक कुमार त्रिपाठी वर्ष 2007 में एक बंगले पर सुरक्षा में तैनात था। चार अगस्त, 2007 की सुबह 6.30 बजे जब अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचे तो अशोक कुमार सोते हुए मिला। जब उसे जगाया गया तो वह नशे में प्रतीत हुआ था। उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उसकी मेडिकल जांच कराई गई थी। डॉक्टर ने विभागीय जांच में बयान दिया था कि आरक्षक की सांस में शराब की गंध पाई गई है।इसके बाद पुलिस अफसरों ने उसे बर्खास्त किया था। इसके बाद अशोक कुमार ने कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट ने कहा- वर्दी में नशा करना गंभीर अनुशासनहीनता याचिका को हाई कोर्ट की डबल बेंच ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि पुलिस जवान ड्यूटी के दौरान नशे में पाया गया था। पुलिस वर्दी में रहते हुए नशा करना गंभीर अनुशासनहीनता है। ऐसे व्यक्ति के साथ कोई भी सहानुभूति नहीं दिखाई जानी चाहिए।



# कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज युगपुरुष उपाधि से अलंकृत

## 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में होगा पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में आयोजन



इंदौर। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज को उनके सनातन और आध्यात्मिक जगत में उत्कृष्ट, प्रेरणादायी एवं विशिष्ट कार्यों को देखते हुए युगपुरुष की विशिष्ट उपाधि से अलंकृत किया गया है।

ये उपाधि अखिल भारतीय निर्वाणी अनी अखाड़ा (रजी) ने कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज को उनके सनातन और आध्यात्मिक जगत में उत्कृष्ट, प्रेरणादायी एवं विशिष्ट कार्यों को देखते हुए, वैष्णव समाज तथा अखिल भारतीय निर्वाणी अखाड़ा द्वारा प्रदान की गई। सम्मान पत्र प्रदान करने के लिए जगतगुरु अनंत श्री विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री सतीशाचार्य जी महाराज (प्रेमेश्वर पीठाधीश्वर), श्री मुरलीदास जी श्रीमहंत अखिल भारतीय निर्वाणी अनी अखाड़ा सहित अयोध्या धाम और विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संतजन पधारे। महोत्सव वीआईपी परस्पर नगर, इंदौर में 22 सितंबर से कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में चल रहा है। यहां हर दिन विशेष साधना, महायज्ञ, देवी भागवत कथा, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हो रही है। ये अद्वितीय धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक चलेगा।

महायज्ञ के बाद हुई कथा - रविवार को सातवें दिन महायज्ञ के बाद कथा और प्रवचन हुए, जिसके श्रवण के लिए हजारों भक्त और अनुयायी पहुंचे। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने बताया कि नवरात्रि के सातवें दिन देवी दुर्गा के मां कालरात्रि स्वरूप की उपासना की जाती है। जब माता पार्वती ने शुंभ-निशुंभ नामक दैत्यों का अत्याचार समाप्त करने के लिए अपने स्वर्णिम वर्ण को त्याग दिया था, तब उन्हें कालरात्रि के नाम से जाना गया। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में भले ही भयानक लगता है, किन्तु ये बड़ा ही शुभ फलदायक है। इनके स्मरण मात्र से ही भूत-पिशाच, भय और अन्य किसी भी तरह की परेशानी तुरंत दूर भाग जाती है। उनके मन से हर प्रकार का डर दूर होता है। नवरात्रि के सातवें दिन को महासप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना के बाद कुमकुम अर्चन, महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई। जगतगुरु ने आपने मुखराविंद से व्यापारी वर्ग के लिए विशेष प्रवचन किए, जिसमें उन्होंने व्यापार और उसमें सफल होने के लिए बातें और उपाय बताए।

## जय हिंद गरबा मंडल 49 वा वर्ष... मातारानी की आराधना में नाट्य प्रस्तुतियां, आराधना उत्सव



इंदौर। शहर के मध्य काछी मोहल्ले में विगत 49 वर्ष से नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की आराधना की जाती है इस वर्ष भी मां की प्रतिमा विराजमान कराई गई है जहां पर भजन संगीत गरबे और नाट्य प्रस्तुतियों के साथ माता रानी का गुणगान किया जा रहा है।

जय हिंद गरबा मंडल की ओर से प्रतिदिन महाआरती ओर प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है,नवरात्रि के अवसर पर इंदौर जय हिन्द मित्र मंडल द्वारा जेल रोड काछी मोहल्ले में पिछले 49 वर्षों से आयोजित गरबे के सांस्कृतिक आयोजन में सनातन परंपरा से जुड़े गरबे और माँ की आराधना के साथ-साथ विभिन्न नाटकों का भी मंचन होता है। यह आयोजन अपने सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के कारण दूर-दूर से लोगों को आकर्षित करता है। यहाँ लोग गरबा के माध्यम से माँ दुर्गा की आराधना करते हैं और पारंपरिक नृत्य व नाटकों का आनंद उठाते हैं, जिससे यह स्थान नवरात्रि के दौरान जीवंत और उत्सवमय हो जाता है।

## हमारा लक्ष्य है कि गाँव-गाँव और हर बस्ती तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचें :- मंत्री श्री सिलावट

इंदौर। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत इंदौर के क्षिप्रा में रविवार को संभाग स्तरीय निःशुल्क मेगा सुपर स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीएम श्री धनश्याम धनगर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. माधव हासानी, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. सोमेश सिंह भदौरिया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।



इस अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। यदि शरीर स्वस्थ है, तो व्यक्ति अपने परिवार और समाज की सेवा कर सकता है। हमें एक महत्वपूर्ण अवसर मिला है कि हम आमजन को स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क और सुलभ रूप से प्रदान कर सकें। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि गाँव-गाँव और हर बस्ती तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचें। इस प्रकार के शिविर न केवल रोगों की रोकथाम में सहायक हैं, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ाते हैं। मैं शिविर में सेवाएं देने वाले सभी डॉक्टरों, नर्सों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, समय-समय पर जाँच कराएँ और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ। यही हमारे समाज की सच्ची प्रगति का आधार है।

श्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हमारी मातृशक्ति, हमारी बेटी, हमारी बहन, हमारा युवा, हमारा अन्नदाता सशक्त हो। समाज के सबसे निचले तबके तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिले, इसके लिये राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग तक बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आधुनिक मशीनों से बीमारियों की जाँच की जा रही हैं तथा निःशुल्क इलाज और दवाईयों की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है।

स्वास्थ्य शिविर में हजारों की संख्या में नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग, मस्तिष्क रोग, टीबी, हड्डी रोग, नेत्र रोग आदि का विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में इंदौर के अनुभवी चिकित्सकों ने उपस्थित रहकर मरीजों का स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया।

## आईआईटी इंदौर में 624.57 करोड़ रुपये की विस्तार परियोजना का हुआ शिलान्यास

इंदौर। देश में प्रौद्योगिकी शिक्षा अब नये दौर में प्रवेश कर चुकी है। देश के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भी अब नए क्षितिज की ओर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडीसा से देश के 8 आईआईटी केन्द्रों में विस्तार परियोजना का वर्चुअली शिलान्यास किया। इनमें आईआईटी इन्दौर भी शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आईआईटी इन्दौर में कुल 624.57 करोड़ रुपये की क्षमता विस्तार एवं आधारभूत संरचना विकास परियोजना की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईआईटी इन्दौर को दी गई इस बड़ी सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का यह कदम अब प्रौद्योगिकीय शिक्षा में एक नये युग का सूत्रपात करेगा। इससे हमारे युवाओं को अध्ययन, शोध एवं नवाचार करने के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि आईआईटी इन्दौर में इस विस्तार परियोजना के लिए उच्चतर शिक्षा के प्रोत्साहन एवं फंडिंग हेतु अधिकृत वित्तपोषण एजेंसी द्वारा तीसरे चरण के अंतर्गत मंजूरी दी गई है।

## मांडू में चलाया गया स्वच्छता अभियान




इंदौर। भारत पर्यटन इंदौर ने नगर पालिका मांडू के साथ संयुक्त रूप से सेवा पखवड़ा और स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत रविवार को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मांडू में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। स्वच्छता अभियान में शासकीय स्कूल मांडू के लगभग 70 विद्यार्थियों ने स्वच्छता गतिविधि में भाग लिया। सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मांडू में स्वच्छता और विरासत स्थलों के संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान और रैली में भाग लिया और मांडू की स्वच्छता और विरासत को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस पहल का उद्देश्य विरासत स्थलों पर स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देना था, साथ ही युवा पीढ़ी में भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम ने न केवल मांडू की स्वच्छता में सुधार हुआ, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत पर्यटन इंदौर ने स्वच्छता और सांस्कृतिक विरासत के महत्व को उजागर किया और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर एक स्वच्छ और सुंदर मांडू बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।

## मिशन ग्रीन कमांडो अभियान :'जो ना पहुंचे हम तक, हम पहुंचे उन तक' के तहत 136 स्वास्थ्य टीमें पहुंची सतपुड़ा की पहाड़ियों के दुर्गम क्षेत्रों में

इंदौर। इंदौर संभाग के बड़वानी जिले में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में सतपुड़ा की दुर्गम पहाड़ियों में बसे समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु सेवा पखवाड़ा के तहत एक अनूठा और महत्वाकांक्षी मिशन ग्रीन कमांडो अभियान प्रारंभ किया गया है।



क्या है ग्रीन कमांडो अभियान- बड़वानी कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान सेवा पखवाड़ा की भावना को चरितार्थ करता है। ग्रीन कमांडो नाम उन स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया है जो विषम भौगोलिक परिस्थितियों, घने जंगलों और पहाड़ी रास्तों, बिखरी हुई आबादी की चुनौतियों को पार करते हुए, सुदूर फलियों और टोलों तक पहुँच रही हैं, जहाँ स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित पहुँच एक बड़ी चुनौती है।

मिशन का उद्देश्य- बड़वानी जिले की विशिष्ट स्थलाकृति, विशेषकर पाटी विकासखण्ड जैसे क्षेत्रों में जहाँ आबादी फल्याओं (छोटे टोलों) में बिखरी हुई है, स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित पहुँच एक बड़ी चुनौती रही है। इसी बाधा को दूर करने के संकल्प के साथ कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा ग्रीन कमांडो अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का मूलमंत्र जो ना पहुंचे हम तक, हम पहुंचे उन तक है, जिसका उद्देश्य हर उस व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है जो भौगोलिक विषमताओं के कारण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते है। यह अभियान यह भी सुनिश्चित करता हैं कि जिले का कोई भी नागरिक, चाहे वह कितनी भी दूर या दुर्गम परिस्थिति में क्यों न रहता हो, गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं से कोई भी वंचित न रहे।

## अशासकीय विद्यालयों का मान्यता नवीनीकरण 10 अक्टूबर तक होगा

इंदौर। प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गयी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स, जिला परियोजना समन्वयक और विकासखण्ड स्रोत समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। कुछ अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिये मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशुनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# आंतरिक मार्ग चौडीकरण के सभी स्वीकृत कार्य एक वर्ष की अवधि में पूर्ण करे- अपर मुख्य सचिव श्री राजौरा

## सिंहस्थ 2028 के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

उज्जैन । अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा की अध्यक्षता में सोमवार शाम को प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में सिंहस्थ 2028 के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा और प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुशंसा दी गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राजौरा ने निर्देश दिए की सिंहस्थ 2028 के कार्यों की कार्ययोजना में उर्जा खपत पर विशेष ध्यान दे। फ्लड लाईट का घाटों पर उपयोग सिंहस्थ के समय ही करे और बहुत आवश्यक स्थानों पर स्थाई फ्लड लाईट का उपयोग करे। सिंहस्थ 2028 के सभी आवश्यक कार्य अक्टूबर 2027 के पहले पूर्ण करे। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे , गुणवत्ता में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी स्वीकृत कार्य जिनकी डीपीआर लंबित है उनकी डीपीआर जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। नगर निगम उज्जैन के द्वारा किए जा रहे आंतरिक मार्ग




चौडीकरण के सभी स्वीकृत कार्य एक वर्ष की अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राजौरा ने मंत्री मंडलीय समिति से स्वीकृत सिंहस्थ निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि नवीन घाट निर्माण कार्य, कान्ह क्लोज डक्ट परियोंजना ,सिलारखेड़ी सेवरखेडी परियोंजना, मार्ग चौड़ीकरण आदि कार्य समय सीमा में प्रगतिरत है। बैठक में जानकारी दी गई कि हरिफाटक पुल चौड़ीकरण, नईखेड़ी , पंवासा ,चिंतामण ,रेल्वे स्टेशन की कनेक्टिविटी कार्य टेंडर प्रक्रिया में है।

बैठक में पर्यवेक्षण समिति की 6वीं बैठक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न कार्यों की अनुशंसा की गई। उज्जैन जिले में जल संसाधन विभाग के द्वारा 15 करोड़ रुपए की लागत राशि से निर्माणाधीन घाटों के प्रवेश स्ट्रक्चर की चौडाई बढ़ाकर 30 मीटर करने का कार्य , नगर निगम द्वारा 03 करोड 97 लाख रुपए की लागत राशि से घाटों पर 6.5 मीटर उचाई के 20 वॉच टावर निर्माण कार्य , नगर निगम के जोन कार्यालयों का उन्नयन, 12.5 करोड़ रुपए की लागत राशि से श्री महाकाल चौराहे से बड़े गोपाल मंदिर तक 20 मीटर चौड़ाई का मार्ग निर्माण, 19 करोड़ रुपए की लागत राशि से गुदरी चौराहे से पान दरीबा होते हुए हरसिद्धी पाल तक 15 मीटर चौड़ाई का मार्ग निर्माण, बम्बई धर्मशाला से मोढ़ धर्मशाला तक 18 मीटर चौड़ाई का मार्ग निर्माण, लोकनिर्माण विभाग द्वारा श्री शनि मंदिर से श्री चिंतामण मंदिर तक 30 करोड़ रुपए की लागत राशि से 05 कि.मी. लंबा 04 लेन मार्ग निर्माण, 78 करोड रुपए की लागत राशि से रामवासा से नरवर तक 04 लेन 9.2 कि.मी. लंबाई का मार्ग निर्माण, 117.88 करोड रुपए की लागत राशि से 26.7 कि.मी. लंबाई के उन्हेल, रामाबालोदा ,खोकरी, अंबोदिया एवं नईखेडी मार्ग निर्माण आदि।

# 200 से अधिक देहदान करने वाली भारत की पहली संस्था द्वारा अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में गार्ड आफ आनर और देहदानी अमर रहे के साथ चोथा देहदान सम्पन्न



उज्जैन। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में रहने वाले 84 वर्षीय कालूराम पिता टिकाराम की अंतिम इच्छानुसार एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई की प्रेरणा से डीआरपी लाईन उज्जैन व थाना भैरवगढ के पुलिस जवानों की उपस्थिति में मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार चोथा गार्ड आफ आनर श्री किशन मतलानी परिसर में स्थापित महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष सम्पन्न हुआ।

आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने बताया कि अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम विगत वर्षों में 200 से अधिक देहदान करने में सहयोग प्रदत्त करने वाली देश की प्रथम संस्था है।

देहदानी अमर रहे के उद्घोष के साथ विदाई हुई। इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से एएसआई एस. एन प्रजापति, डीआरपी लाईन हेड कांस्टेबल वीर सिंह, राहुल जेरिया, मुकेश बी, संतोष धुर्वे, रोहित रावत, धर्मेन्द्र जायसवाल, अनुप शर्मा, शैलेन्द्र कुमावत, दीपक राठौर, सुभाष प्रधान, तेजू कण्डारे सहित आश्रम में निवासरत बच्चें एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# रघुवंशी समाज से सीखे ब्राह्मण समुदाय

उज्जैन। दशहरा पर इंदौर में सोनम रघुवंशी का पुतले दहन किया जाना था लेकिन रघुवंशी समाज ने सार्वजनिक मंचों पर बुराई को दर्शाने के लिए रघुवंशी शब्द के प्रयोग पर एतराज दर्ज कराया था। ब्राह्मण समुदाय को रघुवंशी समाज से सीखने की आवश्यकता है जिन्होंने अपने समाज की एकजुटता का परिचय दिया और दहन का विरोध किया।

युवा ब्राह्मण समाज उच्च न्यायालय द्वारा रघुवंशी समाज के हित में दिए फैसले का समर्थन करता है और अपेक्षा करता है कि ब्राह्मणों के स्वाभिमान और प्रतिष्ठा को बचाने के लिए आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण लेने पर ब्राह्मण समुदाय को भी न्याय मिलेगा। देश और प्रदेश में रावण दहन किया किया जाता हैं जो अनुचित हैं।

# वल्लभ वैष्णव मंडल के गरबा में अंतिम दिन सैकड़ो महिलाओं ने किया रास गरबा



उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संस्थापक संयोजक विठ्ठल नागर के नेतृत्व में रामघाट स्थित शहनाई गार्डन में रास गरबे के अंतिम दिन ऐसी धूम मची की पूरा गार्डन माता रानी की गरबो से धर्ममय हो गया। बेस्ट गरबा, बेस्ट कपल, बेस्ट गर्ल, बेस्ट मेल, बेस्ट फीमेल, बेस्ट ड्रेस सभी को मंडल के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि गरबे की विशेष प्रस्तुति में एकल गरबा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें महिलाओं ने अपनी सिंगल प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विशेष तौर पर मुख्य अतिथि के तौर पर माया राजेश त्रिवेदी, अनिल बलराम जाट, पन्नालाल शर्मा, बालकृष्ण नागर, दिव्या सौरभ नागर, सत्यनारायण पालोद, नितिन शाह, सुभाष सोनी, निरंजन महेश्वरी, सिद्धेश्वर दास और पियूष शाह का मंडल के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह एवं ऊपरना पहनाकर सम्मानित किया। गरबे की विशेष प्रस्तुति का संचालन विजय जोशी ने किया एवं आभार जयेश श्रॉफ एवं विशाल नीमा ने माना।

# सम्पूर्ण जैन समाज की भागीदारी से हुआ भव्य मैत्री गरबा इव 2025

## मैत्री की साधारण सभा में किया तपस्वियों का बहुमान

उज्जैन। जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा दो दिवसीय मैत्री गरबा इव 2025 का आयोजन किया गया। समाज की एकता, उत्साह और सांस्कृतिक समृद्धि का अनुपम उदाहरण बने इस गरबा उत्सव में समाज के सभी वर्गों बच्चों से लेकर महिलाओं और युवाओं तक ने सक्रिय भागीदारी कर आयोजन को भव्य और अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक और सुरक्षित वातावरण में सभी ने संगीत की धुनों पर नृत्य का भरपूर आनंद लिया।

मैत्री गरबा इव 2025 की विशेषता रही कि यह केवल एक नृत्य आयोजन नहीं था, बल्कि यह सम्पूर्ण समाज के लिए सामूहिक ऊर्जा और आनंद का उत्सव बन गया। महिला मंडल की ओर से प्रस्तुत गरबा और सांस्कृतिक नृत्य अत्यंत आकर्षक रहे। उनकी एकरूप पोशाकें, सधी हुई ताल और समर्पण ने वातावरण को ऊर्जावान



और मनमोहक बना दिया। महिला मंडल के प्रयासों ने यह सिद्ध किया कि समाज की शक्ति और सौंदर्य, दोनों मिलकर किस प्रकार एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर सकते हैं। स्वयं मैत्री ग्रुप के सदस्यों ने भी पूरे उत्साह से भाग लिया।

उनकी ओर से प्रस्तुत किए गए गरबा एवं नृत्य समाज के प्रति उनकी आत्मीयता और जिम्मेदारी को दर्शाते रहे। इन प्रस्तुतियों में सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में एकता और सहयोग का स्पष्ट संदेश नजर आया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए गरबा और नृत्य सबसे आकर्षक रहे। उनकी मासूम मुस्कान, उत्साह और उमंग ने माहौल को जीवंत कर दिया। बच्चों ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से यह साबित कर दिया कि आने वाली पीढ़ी भी हमारी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रही है। इन सब प्रस्तुतियों ने आयोजन को केवल एक गरबा नाइट तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज के सभी वर्गों का साझा उत्सव बना दिया। तीनों पीढ़ियों बच्चे, युवा और महिलाएँ, एक साथ मंच पर आए, झूमे और गाए, जिससे वातावरण और भी जीवंत हो उठा।

कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेसअप मेल एवं फीमेल, बेस्ट गरबा मेल और बेस्ट गरबा फीमेल सहित कुल 100 से अधिक आकर्षक चाँदी के पुरस्कार प्रदान किए गए। विशेष रूप से, प्रथम प्रवेश पर 1000 महिलाओं को गोल्ड प्लेटेड चैन वितरित की गई, जिससे महिलाओं का उत्साह दोगुना हो गया। इनामों की श्रृंखला में चाँदी के उपहार जैन ज्वेलर्स की ओर से दिए गए, जबकि बंपर पुरस्कार शेषमल, संजय एवं चंद्रप्रकाश चोपड़ा परिवार की ओर से प्रायोजित किए गए। गोल्ड प्लेटेड चैन निहार नावेल्टी की ओर से उपलब्ध कराई गई।

# बुराई पर अच्छाई की हुई जीत, अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में हुआ रावण दहन



उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में विजयादशमी के पावन अवसर पर रावण दहन समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन आनंद पंडया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ रामजी, सीताजी, लक्ष्मणजी एवं हनुमानजी के आगमन एवं पूजन से हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आनंद पंडया का स्वागत सैपलिंग प्रदान कर किया गया। स्वागत भाषण शैक्षणिक निदेशिका सरोज वागले द्वारा दिया गया। कक्षा 5वी की छात्रा भव्यांशी ने रामायण प्रसंग पर आधारित नृत्य, प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि आनंद पंडया ने अपने संबोधन में कहा कि विजयादशमी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें जीवन में सदैव अच्छाई, सत्य और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। छात्रों को चाहिए कि वे हर परिस्थिति में सत्य का साथ दें और बुराई का विरोध करें। इसके उपरांत रावण का पुतला दहन किया गया, जिसने उपस्थित सभी को यह प्रेरणा दी कि 'सत्य और सद्गुण की सदैव विजय होती है, जबकि असत्य और अहंकार का अंत निश्चित है।'

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com